उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 13.02.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई में सुनीं गयी आमजन की समस्याएं, त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण के दिए निर्देश...







पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह द्वारा प्रतिदिन की भांति आज दिनांक- 13.02.2026 पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जनपद के दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया एवं प्रत्येक प्रकरण का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया कि सभी शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को समयबद्ध न्याय प्राप्त हो और पुलिस-जन संवाद और अधिक सुदृढ़ हो।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड भी उपस्थित रहें। उन्होंने भी प्रकरणों की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कर जनविश्वास को और मजबूत करना है।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 13.02.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जनपद महोबा पुलिस द्वारा SPEL कार्यक्रम के तृतीय चरण के अंतर्गत विशेष सत्र आयोजित...

आज दिनांक 12.02.2026 को महिला थाना एवं थाना कोतवाली नगर, जनपद महोबा की पुलिस टीम द्वारा भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, नियम एवं ग्रन्थ, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार संचालित *Student Police Experiential Learning (SPEL)* कार्यक्रम के तृतीय चरण के अंतर्गत एक विशेष शैक्षिक सत्र का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह (नोडल अधिकारी, SPEL-3) के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान थानों से नामित नोडल अधिकारियों द्वारा चयनित शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं को थाना कोतवाली नगर का भ्रमण कराया गया। उन्हें थाना कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेख संधारण प्रणाली, जनसुनवाई व्यवस्था तथा पुलिस की दैनिक कार्यशैली के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, विद्यार्थियों को *Crime and Criminal Tracking Network & Systems (CCTNS)* की कार्यप्रणाली, ऑनलाइन एफआईआर पंजीकरण, अपराध एवं अपराधियों के डिजिटल अभिलेखीकरण आदि के विषय में भी अवगत कराया गया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पुलिस कार्यप्रणाली से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों द्वारा सरल एवं संवादात्मक तरीके से समाधान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाना, पुलिस-जन सहभागिता को सुदृढ़ करना तथा विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना रहा।










## आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत महोबा पुलिस सतर्क: शस्त्रागार निरीक्षण एवं व्यापक स्वच्छता अभियान सम्पन्न

- जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु आज दिनांक 13.02.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के निकट पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों पर व्यापक स्तर पर तैयारियों की समीक्षा की गयी।
- इस क्रम में सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों के शस्त्रागार का निरीक्षण कर समस्त शस्त्रों की साफ-सफाई करायी गयी तथा चाल वाले पुर्जों (Moving Parts) की सूक्ष्मता से जांच सुनिश्चित की गयी, जिससे आपात स्थिति में शस्त्रों का प्रभावी एवं सुचारू उपयोग किया जा सके। साथ ही उपलब्ध कारतूस एवं अन्य आवश्यक सामग्री का भी भौतिक सत्यापन किया गया।
- इसके अतिरिक्त थाना कार्यालय एवं थाना परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए अभिलेखों का सुव्यवस्थित रख-रखाव, परिसर की साफ-सफाई, अनावश्यक सामग्री का निष्पादन एवं साफ-सुथरा कार्य वातावरण सुनिश्चित किया गया। अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया कि त्यौहारों के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सभी संसाधन पूर्ण रूप से तैयार अवस्था में रहें।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए निरंतर सतर्कता बरती जाए, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने हेतु पुलिस बल पूरी तरह तैयार रहे।
- महोबा पुलिस जनपदवासियों से अपील करती है कि त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें।



## पुलिस अधीक्षक महोबा ने पुलिस लाइन में "शुक्रवार की परेड" की सलामी लेकर किया निरीक्षण, अनुशासन व एकरूपता पर दिया विशेष बल

- आज दिनांक 13.02.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित "शुक्रवार की परेड" की सलामी ली गई। परेड का उद्देश्य पुलिस बल में अनुशासन, एकरूपता, शारीरिक दक्षता एवं टीम भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा।
- परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा समस्त अधि0/कर्मचारियों की ड्रिल का गहन निरीक्षण किया गया। परेड में कदमताल, ड्रिल मूवमेंट, टर्नआउट एवं एकरूपता की बारीकी से समीक्षा करते हुए महोदय द्वारा आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।
- इस परेड में जनपद महोबा के विभिन्न थानों एवं समस्त शाखाओं में नियुक्त पुलिसकर्मी के साथ-साथ (RTC) प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु आरक्षी भी सम्मिलित हुए, जिन्होंने अनुशासन एवं समर्पण के साथ परेड में सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
- परेड उपरांत पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आदेश कक्ष में उपस्थित होकर सभी गार्द रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी व्यवस्था, गार्द डिटेल एवं अभिलेखों के रखरखाव की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को ड्यूटी में सतर्कता, समयबद्धता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
- इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा कहा गया कि नियमित परेड से पुलिस बल में अनुशासन, एकजुटता, शारीरिक फिटनेस एवं कार्यकुशलता का विकास होता है, जो कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं जनता को बेहतर एवं प्रभावी पुलिस सेवा प्रदान करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।





## थाना अजनर पुलिस द्वारा जुआ खेलते हुए 08 अभियुक्त गिरफ्तार, ₹25,010 नगद व 08 मोटरसाइकिल सहित अन्य सामग्री बरामद ।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा जुआ/सट्टा खेलने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के क्रम में थाना अजनर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

थानाध्यक्ष श्री सुभाष चन्द्र द्वारा गठित टीम व0उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह, उ0नि0 ऋषी शुक्ला, का0 जय प्रकाश, का0 सौरभ सिंह, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 अरविन्द कुमार पाल एवं का0 नीतेन्द्र सिंह द्वारा मुखबिर की सूचना पर ओंकार राजा के खेत में बनी झोपड़ी के पास ग्राम धवर्रा थाना अजनर जनपद महोबा में दबिश दी गई।

जहाँ कुल 12 नफर अभियुक्तगण रुपये पैसों की हार-जीत की बाजी लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए पाये गये। पुलिस टीम द्वारा 08 अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार किया गया तथा 04 अभियुक्त अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गये।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना अजनर पर मु0अ0सं0 27/2026 धारा 112(2) बीएनएस व 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई।

### बरामदगी-

- कुल नगद ₹25,010/- व 52 अदद ताश पत्ते
- 09 अदद मोबाइल फोन
- 01 अदद बुलेट मोटरसाइकिल व 07 अदद अन्य मोटरसाइकिल (धारा 207 एमवी एक्ट के अन्तर्गत सीज)

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. अज्जू उर्फ आजाद खान पुत्र स्व0 हल्लू खान, उम्र करीब 39 वर्ष, निवासी मोहल्ला मुसाफिरखाना के पीछे, कस्बा व थाना नौगाँव, जिला छतरपुर (म0प्र0)
2. लकी सोनी पुत्र स्व0 उमाशंकर सोनी, उम्र करीब 24 वर्ष, निवासी तिवारी मोहल्ला, कस्बा व थाना नौगाँव, जिला छतरपुर (म0प्र0)
3. लालू यादव उर्फ प्रशान्त पुत्र राजबहादुर यादव, उम्र करीब 27 वर्ष, निवासी ग्राम चंदौरा, थाना नौगाँव, जिला छतरपुर (म0प्र0)
4. यतुराज सिंह परिहार उर्फ मानू पुत्र सुजान सिंह परिहार उर्फ बंटी राजा, उम्र करीब 22 वर्ष, निवासी ग्राम तिदनी, थाना नौगाँव, जिला छतरपुर (म0प्र0)
5. सोहेल खान पुत्र आशिक खान, उम्र करीब 28 वर्ष, निवासी साहू मोहल्ला, कस्बा व थाना नौगाँव, जिला छतरपुर (म0प्र0)
6. प्रशान्त सेन उर्फ कल्लू पुत्र रमाकान्त सेन, उम्र करीब 25 वर्ष, निवासी तिवारी मोहल्ला, कस्बा व थाना नौगाँव, जिला छतरपुर (म0प्र0)
7. विष्णु अहिरवार पुत्र स्व0 बिहारीलाल अहिरवार, उम्र करीब 28 वर्ष, निवासी ग्राम शिकारपुरा, थाना नौगाँव, जिला छतरपुर (म0प्र0)
8. गौरव तिवारी पुत्र दीनदयाल तिवारी, उम्र करीब 34 वर्ष, निवासी बजरंग कालोनी वार्ड नंबर 18, कस्बा व थाना नौगाँव, जिला छतरपुर (म0प्र0)

# महोबा पुलिस



**फरार/वाछित अभियुक्तगण-**

1. आजाद मंसूरी पुत्र पप्पू, निवासी हल्लू कालोनी वार्ड नंबर 18, कस्बा व थाना नौगाँव, जिला छतरपुर (म0प्र0)
2. विक्रम परमार उर्फ लवी पुत्र नैपाल, निवासी साहू मोहल्ला गल्ला मण्डी रोड, कस्बा व थाना नौगाँव, जिला छतरपुर (म0प्र0)
3. वकील खान पुत्र चुन्ना खान, निवासी मोहल्ला नाला पार, कस्बा व थाना नौगाँव, जिला छतरपुर (म0प्र0)
4. आबिद पुत्र उस्मान, निवासी मोहल्ला नाला के पहले, कस्बा व थाना नौगाँव, जिला छतरपुर (म0प्र0)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. व0उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह
2. उ0नि0 ऋषी शुक्ला
3. का0 जय प्रकाश
4. का0 सौरभ सिंह
5. का0 नरेन्द्र कुमार
6. का0 अरविन्द कुमार पाल
7. का0 नीतेन्द्र सिंह



## थाना कबरई की पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 13.02.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित उ0नि0 सुनील कुमार मिश्रा मय हमराह कां0 शुभम कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 35/26 धारा 126(2)/74/115(2)/352/351(3) बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्तगण क्रमशः 1.सन्तराम पुत्र रामऔतार कुशवाहा उम्र करीब 30 वर्ष 2.धीरेन्द्र पुत्र प्यारेलाल बसोर उम्र करीब 18 वर्ष निवासीगण ग्राम सिंघनपुर बघारी थाना कबरई जनपद महोबा को ग्राम सुरहा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1.उ0नि0 सुनील कुमार मिश्रा
2.कां0 शुभम कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.सन्तराम पुत्र रामऔतार कुशवाहा उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम सिंघनपुर बघारी थाना कबरई जनपद महोबा
2.धीरेन्द्र पुत्र प्यारेलाल बसोर उम्र करीब 18 वर्ष निवासी ग्राम सिंघनपुर बघारी थाना कबरई जनपद महोबा



## थाना कबरई की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक-13.02.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित उ0नि0 सूर्यभान सिंह मय उ0नि0 अनुज कुमार सिंह मय हमराह कां0 धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त सुखराम पुत्र तोडन सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम गंज थाना कबरई जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुए ग्राम धरौन थाना कबरई जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 36/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

सुखराम पुत्र तोडन सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम गंज थाना कबरई जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1.उ0नि0 सूर्यभान सिंह
2.उ0नि0 अनुज कुमार सिंह
3.कां0 धर्मेन्द्र कुमार

### बरामदगी –

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद होना।

